हल्का लड़ाकू विमान तेजस Mk2

एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एजेंसी (ADA) के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, स्वदेशी हल्के लड़ाकू विमान (LCA) तेजस **Mk2** को हवा से ज़मीन पर मार करने वाली लंबी दूरी की **डीप स्ट्राइक मिसाइल SCALP** जैसे भारी गतिरोध वाले हथियारों के साथ एकीकृत किया जाएगा।

- अन्य विमानों के विपरीत **LCA Mk2 विभिन्न देशों के अद्वितीय हथियारों को एकीकृत करने में सक्षम होगा।**

LCA तेजस Mk2:

- **स्वदेशी LCA Tejas Mk2** भारत में विकसित एक लड़ाकू विमान है जो अन्य देशों के सभी स्वदेशी हथियारों और उन्नत हथियारों को एकीकृत करने के साथ-साथ आठ **बियॉन्ड-विज़ुअल-रेंज (BVR)** मिसाइलों को एक साथ ले जा सकता है।
- **LCA Mk2, LCA तेजस Mk1 का उन्नत संस्करण है,** जिसने रेंज और मिशन की शक्ति में सुधार किया है।
  - LCA तेजस **Mk1 की युद्ध लड़ने की मिशन क्षमता 57 मिनट** थी, लेकिन **LCA तेजस Mk2 की क्षमता 120 मिनट है।**
- एक दशक में जब **जगुआर, मिग-29 और मिराज 2000** सेवानिवृत्त होने लगेंगे तो **उनके प्रतिस्थापन के रूप में LCA Mk2 को पेश किया जाएगा।**
  - विमान की संभावित डिज़ाइन समीक्षा तैयार है और इसका निर्माण शुरू हो गया है, साथ ही यह विमान वर्ष 2024 तक संचालनीय हो जाएगा।
  - LCA Mk2 की हथियार ले जाने की क्षमता 6.5 टन होगी। **LCA Mk2 में जनरल इलेक्ट्रिक GE-414 इंजन लगा होगा।**

हल्के लड़ाकू विमान (Light Combat Aircraft- LCA):

- **परिचय:**
  - LCA कार्यक्रम भारत सरकार द्वारा वर्ष 1984 में तब शुरू किया गया था जब उसने LCA कार्यक्रम के प्रबंधन हेतु **वैमानिकी विकास एजेंसी (Aeronautical Development Agency- ADA) की स्थापना की थी।**
- **विशेषताएँ:**
  - इसे **वायु से वायु, वायु से सतह, सटीक निर्देशित हथियारों की एक शृंखला ले जाने हेतु डिज़ाइन किया गया।**
  - यह हवा में ही ईंधन भरने की क्षमता से युक्त है।
- **तेजस के अन्य संस्करण:**
  - **तेजस ट्रेनर: वायु सेना पायलटों** के प्रशिक्षण के लिये 2-सीटर ऑपरेशनल कन्वर्ज़न ट्रेनर।
  - **LCA नौसेना:** भारतीय नौसेना के लिये ट्विन और एकल-सीट वाहक सक्षम।

स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/light-combat-aircraft-tejas-mk2